# गैस कनेक्शन विस्तार के लिए ग्राहकों को पीएनजी सेवा से जोड़े : गौरव

## कलेक्टर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा, हैंडपंप खनन एवं रिपेयर का कार्य अप्रैल माह में पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। गौरव बैनल की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक कलेक्ट सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित होने के कारण टीएल बैठक आज बुधवार को आयोजित हुई।**

बैठक में कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नियमित सत्र निर्धारित कर टीकाकरण का कार्य सभी विद्यालयों में किया जाए, उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि ग्रामीण क्षेत्र के दूरस्थ स्थलों में टीकाकरण का कार्य पूरी सक्रियता के साथ किया जाए, हमें इन क्षेत्रों में टीकाकरण के कवरेज को बढ़ाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने ब्लड बैंक स्थापित किए जाने के संबंध में निर्देशित किया कि सिविल सर्जन एवं ड्रग इंस्पेक्टर संयुक्त रूप से निर्धारित एसओपी के तहत ब्लड बैंक स्थापित किए जाने वाले जगह का स्थल निरीक्षण करें। वहीं सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा करते हुयें निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी समय सीमा में शिकायतो का निराकरण कर शिकायतकर्ता के समस्याओ का निराकरण सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### गैस पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं

बैठक में कलेक्टर ने ननि कमिश्नर को निर्देशित किया की गैस पाइपलाइन एवं रोड निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए, उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन विस्तार करने के लिए अधिक से अधिक ग्राहकों को पीएनजी सेवा से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यात्रिकी द्वारा हैंडपंप खनन एवं रिपेयर के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया की अप्रैल माह में ही हैंडपंप खनन के लिए सभी प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही डीपीसी को निर्देशित किया कि विद्यालयो में शत-प्रतिशत नामांकन पूर्ण करायें। आगे जल संशाधन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा सीएसआर मद से निर्मित होने वाली हेचरी के निर्माण की समीक्षा करते हुयें निर्देशित किया कि संबंधित विभाग हेचरी निर्माण के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र में भूमि के चिन्हांकन प्रक्रिया को पूर्ण कर अवगत करायें। साथ ही मछली के ब्रीड एवं उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ हेचरी में उपयोग किए जाने वाले जल की जॉच पीएचई एवं नगर निगम के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।

# पान मसाला की दुकान में चोरों ने किया हाथ साफ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 अप्रैल, रीवा शहर की सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वेंकट चौराहे के समीप बीती रत अज्ञात चोरों ने पान मसाला की दुकान में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं पीढ़ीत दुकान संचालक द्वारा घटना की शिकायत थाने में दर्ज कर दी गई है. वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते आरोपी नजर आए हैं.**

घटना के संबंध में दुकान संचालक ध्रुव अग्रवाल निवासी पुष्पराज नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि वेंकट चौराहे के समीप उसके द्वारा एसके पान मसाला नाम से दुकान संचालित की जाती है. रोजाना की तरह रात्रि 9 बजे वह दुकान बंद कर चले गए थे. आज सुबह जब 10:30 बजे दुकान आए तो पीछे की दीवाल टूटी हुई थी जिससे अंदर चोरों ने घुसकर दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. ध्रुव के मुताबिक अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे नगद पैसे सहित पान मसाला पर कर दिया है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है वही सीसीटीवी कैमरे से भी चोरों की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं.

## एक नजर में

### प्रशिक्षण में गैरहाजिर शा.कर्मियों पर लटकी निलंबन की कार्रवाई

**सिंगरौली।** जन गणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई की तलवार लटक गई है। जानकारी के अनुसार फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण में कांति प्रसाद दुबे शिक्षक, प्रमोद सिंह डोहरे लेखापाल शासकीय कन्या उमा विद्यालय बैढ़न, पवन कुमार साहू सहायक ग्रेड 3 लोक निर्माण विभाग, सूर्यप्रताप सिंह प्राथमिक शिक्षक अनपस्थित रहे, कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है।

### जल संकट से निपटने कंट्रोल स्थापित

**सिंगरौली।** ननि क्षेत्र में संभावित जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ननि आयुक्त सविता प्रधान द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड में पानी की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित करना है। आयुक्त सविता प्रधान ने निर्देश दिए हैं कि जल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। इसके लिए कंट्रोल रूम को 24×7 सक्रिय रखा गया है। जहां इस नंबर 7610107107 पर सूचना दें सकते हैं।

# एबीआईसी बी टीम फाईनल में बनाई जगह



नवभारत न्यूज

**अनपरा 15 अप्रैल। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के तत्वाधान में आयोजित आदित्य बिड़ला इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।**

इस मैच में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर की बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनुसागर की ए टीम को 45 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

# बाबा साहेब के विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 15 अप्रैल। एनटीपीसी सिंगरौली-शक्तिनगर में भारतरत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक द्वारा स्थानीय अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में संदीप नायक ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में था, बल्कि उन्होंने समता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को हमेशा मजबूत किया। उनके विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। बाबा साहेब ने भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार देने का संकल्प लिया और आज हम उनका आदर्श अपनाकर समाज में और अधिक सशक्त परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी डॉ. अंबेडकर जी के बारे व्यक्त किया है।



# विंध्याचल में फायर सर्विस वीक सुरक्षा पर विशेष जोर

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 15 अप्रैल। एनटीपीसी विंध्याचल में फायर सर्विस वीक का आयोजन पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ किया गया।**

इस अवसर पर ऐतिहासिक बॉम्बे डॉकयार्ड अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सुरक्षा के प्रति संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक सारगर्भित संबोधन से हुई।

# जयंत आंगनबाड़ी केंद्र में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। जिला कलेक्टर गौरव बैनर व डीपीओ जितेंद्र गुप्ता तथा परियोजना अधिकारी शैलेंद्र साकेत के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति हब द्वारा जयंत आंगनबाड़ी केंद्र में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एवं पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर गर्भवती माताओं की गोद भराई कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मिशन समन्वयक मीनाक्षी शुक्ला ने महिलाओं को संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों के नियमित सेवन की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोषी सिंह, बबीता सिंह, आशा पांडेय, सरस्वती सिंह तथा प्रतिमा शुक्ला, रानी पनिका अन्य मौजूद रहे।

# दोपहर के समय आग से धधक ने लगी बाईक

**सिंगरौली 15 अप्रैल (एनबीएन)।** जिला मुख्यालय बैढ़न के शिवधाम मंदिर समीप सड़क मार्ग में एक पल्सर मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते मोटरसाइकिल आग से धधकने लगी। आग लगने का कारण अत्यधिक गर्मी एवं शॉट-सर्किट बताया जा रहा है।



# बैढ़न जोन में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। प्रमुख जनगणना अधिकारी नगरीय क्षेत्र सविता प्रधान के निर्देशानुसार नगर जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है।**



यह प्रशिक्षण आज दिन बुधवार से 17 अप्रैल तक अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न के विज्ञान भवन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित होगा, जिसमें बैढ़न जोन के कुल 167 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग ले रहे हैं। जनगणना प्रभारी बैढ़न जोन एचएम श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जिसमें प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण एवं फील्ड कार्य की संपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है तथा सभी संबंधितों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# सब्जी एवं गल्ला मण्डी मार्ग से ननि ने हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित सब्जी मंडी एवं गल्ला मंडी के आसपास बीच सड़क पर लंबे समय से दुकानें और ठेले लगाकर किए गए अतिक्रमण को लेकर ननि प्रशासन ने आज बुधवार की सुबह सख्त कार्रवाई की।**



लगातार कई दिनों से आम जनता द्वारा यातायात बाधित होने और आवागमन में परेशानी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर सड़क से अतिक्रमण हटवाया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे लगे फल एवं सब्जी के ठेलों को हटाया गया तथा संबंधित दुकानदारों को सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया गया, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। ननि अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट समझाइश दी कि निर्धारित स्थान पर ही दुकानें लगाई जाएं और सड़क पर अतिक्रमण न करें। जानकारी के अनुसार ननि प्रशासन द्वारा पहले भी कई बार इस तरह की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन समझाइश के बावजूद कुछ दुकानदार पुन: सड़क पर ठेले और दुकानें लगाना शुरू कर देते हैं। मौके पर ननि उपायुक्त आरपी बैस सहित अन्य मौजूद रहे।

# श्रम नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें : गौरव

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में उद्योगो, ढाबो और संवेदनशील क्षेत्रो के नियमिति निरीक्षण करने का कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई।**



बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करने के लिए जिले में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करें। श्रम विभाग के अधिकारियों को विभिन्न उद्योगों, ईंट-भट्टों, होटलों और ढाबों में सघन जांच अभियान चलाकर बाल श्रमिकों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। बैठक सहायक श्रम आयुक्त बीपी सिंह, प्रभारी श्रम पदाधिकारी नवनीत पाण्डेय, निरीक्षक राहुल प्रधान, डीईओ एसबी सिंह,डीपीसी व सीएमएचओ समेत अन्य मौजूद रहे।

### बच्चों की भविष्य संवारना सरकार की प्राथमिकता

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल रेस्क्यू ही नहीं, बल्कि बच्चों का भविष्य संवारना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में बल दिया गया कि मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, अनिवार्य स्कूली शिक्षा और उन्हें सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। साथ ही कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य कराना कानूनन अपराध है। 14 से 18 वर्ष के किशोरों को भी खतरनाक उद्योगों में नियोजित नहीं किया जा सकता। बंधुआ मजदूरी जब किसी व्यक्ति को कर्ज के बदले या कम मजदूरी पर जबरन काम करने के लिए मजबूर किया जाता है और उसकी आवाजाही पर प्रतिबंध होता है।

# सरई एवं बरका के दो उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से शत-प्रतिशत ई-विकास प्रणाली ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण अनिवार्य कर दिया गया है।**

इस व्यवस्था का उल्लघन करने पर 2 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि बिना ई-टोकन के उर्वरक वितरण करने पर मेसर्स जायसवाल खाद बीज भंडार, बरका एवं मेसर्स संदीप ट्रेडर्स, अमहाटोला के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित विक्रेताओं से स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत, यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनके लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-टोकन के माध्यम से ही सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए ई-विकास प्रणाली पोर्टल पर ई-टोकन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

# अंशिका ने प्रदेश में 10वां स्थान हासिल कर बढ़ाया स्कूल का मान

नवभारत न्यूज



**मऊगंज 15 अगस्त। शासकीय सांदीपशन आर.आर. शिवेदी उच्चतर माध्यशमक विद्यालय, गौरी (हनुमना), जिला मऊगंज की कक्षा 12वीं की छात्रा अंशिका मिश्रा पिता अभिनव मिश्रा ने विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में10वां स्थान प्राप्त किया।**

अंशिका ने 500 में से 482 अंक हासिल कर (96.4 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

## पेज एक का शेष

### बेटियों ने किया टॉप

सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा है. कक्षा 10वीं में पन्ना की प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. तो वहीं कक्षा 12वीं में भोपाल की बेटियों में खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा भोपाल ने मेरिट सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है. झाबुआ जिला 93.23 प्रतिशत के साथ टॉप पर : जिलों के प्रदर्शन की बात करें तो झाबुआ जिला 93.23 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर रहा है. अनूपपुर जिला भी 93.85 प्रतिशत के साथ अव्वल जिलों में शामिल है. लेकिन राजधानी भोपाल इस बार भी टॉप 20 जिलों की सूची से बाहर रहा.

वहीं भोपाल जिले के 12वीं में 76.01 प्रतिशत और 10 वीं में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे. हालांकि 12वीं की परीक्षा में भोपाल की दो छात्राओं ने प्रदेश भर में टॉप किया है, जिससे भोपाल का स्थान राज्य की मेरिट सूची में ऊपर रहा है. इस बार भी छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा. छात्राओं का पास प्रतिशत 77.52 प्रतिशत रहा, जबकि छात्रों का 69.31 प्रतिशत दर्ज किया गया. सरकारी स्कूल आगे, परिणाम 76.80 प्रतिशत: शासकीय स्कूलों का परिणाम 76.80 प्रतिशत रहा, जो निजी स्कूलों के 68.64 प्रतिशत से अधिक है. इससे सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन का संकेत मिलता है.

### अनुराग जैन सीएस का पद छोड़ेंगे, नीति आयोग जाएंगे

गुड लिस्ट में जिन अफसरों को शुमार किया जाता है, उनमें जैन का नाम भी शामिल है. इसलिए ही उन्हें केंद्र में सर्वोच्च प्राथमिकता वाले गति शक्ति प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसमें सड़क, रेल, पोर्ट के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े देश के बड़े प्रोजेक्ट को मॉनीटर करने के साथ ही उनसे जुड़े कामों को तेज गति से पूरा कराने की जिम्मेदारी निभाई जाती है. **एक वर्ष का एक्सटेंशन पाने वाले प्रदेश के पहले सीएस हैं जैन:** प्रदेश में अनुराग जैन से पहले मुख्य सचिवों को 6 माह का एक्सटेंशन मिलता रहा है. उसमें एक बार और 6 माह तक की बढ़ोतरी होती रही है, लेकिन जैन प्रदेश के पहले सीएस हैं, जिनको एक बार में ही एक वर्ष का एक्सटेंशन दिया गया था.

# खुटार के थाना टोला में रामरेखा पटेल के घर लगी आग

## डायल 112 और पुलिस की तत्परता से आगजनी पर पाया गया काबू

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। खुटार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटार के थाना टोला में बीते दिन मंगलवार को एक मकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने की सूचना डायल 112 के माध्यम से कंट्रोल रूम को प्राप्त हुई, जिसके बाद तत्काल संबंधित पुलिस टीम एवं फायर ब्रिगेड को मौके के लिए रवाना किया गया।**



चौकी प्रभारी शीतला यादव के नेतृत्व में डायल 112 एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए आग बुझाने का कार्य प्रारंभ किया। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड टीम को भी तत्काल बुलाया गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड के संयुक्त प्रयासों से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। आगजनी की इस घटना में मकान स्वामी रामरेखा पटेल का घर प्रभावित हुआ, हालांकि समय पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। उक्त कार्यवाही में मनीष सेन, अभिषेक कुशवाहा, सच्चिदानंद तिवारी, डायल 112 पायलट अवनीश दुबे, रामभवन शाह, अंकुश कुमार सोनी तथा फायर ब्रिगेड टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने पुलिस और बचाव दल की तत्परता की सराहना की।


# आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मे. एएए रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड की बठिया (Bathiya) चूना पत्थर खदान, जिसकी कुल उत्खनन के साथ: 8.84 मि. टन प्रतिवर्ष (चूना पत्थर: 4.00 मि. टन प्रतिवर्ष, अपशिष्ट/रिजेक्ट: 4.43 मि. टन प्रतिवर्ष, ऊपरी मिट्टी: 0.41 मि. टन प्रतिवर्ष) बठिया, बरहिया, करौंदी, चपना और तमोरिया गांवों में 266.302 हेक्टेयर खदान पट्टा क्षेत्र में तहसील: मैहर, जिला: मैहर (पुराना सतना), राज्य: मध्य प्रदेश को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के दस्तावेज संख्या J-11015/44/2020-IA-II (M) (EC Identification N0-EC26A001MP199235) दिनांक 13.04.2026 के द्वारा पर्यावरण स्वीकृति दी गई है इस स्वीकृति की प्रति मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट www.parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

**एएए रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड**
1, शेक्सपियर सरणी, 5वीं मंजिल, ए.सी. मार्केट, कोलकाता-700071, पश्चिम बंगाल